# कार्यालय अध्यक्ष/कलेक्टर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) संचालन समिति बलौदाबाजार–भाटापारा

क्रमांक/अंग्रेजी माध्यम/संविदा भर्ती/विज्ञापन/2023/6428 बलौदाबाजार दिनांक 03/10/2023

**//विज्ञापन//**

बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में नवीन स्वीकृत **स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) करहीबाजार** के लिए शासन स्तर पर गठित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन समिति द्वारा निम्नानुसार अस्थायी रूप से संविदा कर्मियों (अंग्रेजी माध्यम से अध्ययन) हेतु योग्यताधारी आवेदकों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते है।

आवेदन निर्धारित प्रारूप में पंजीकृत डाक के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि– **15.10.2023 अपरान्ह 5:00 बजे तक है।** उसके पश्चात् प्राप्त आवेदन मान्य नही होंगे। विज्ञापित पदों पर आवेदन करने का **पता– कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार–भाटापारा छ.ग.।**

## विज्ञापित पद का विवरण :–

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) करहीबाजार

| क्र. | पद का नाम | विषय/माध्यम | अ.ना. | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.वर्ग | कुल पद | संविदा हेतु देय मानदेय राशि | न्यूनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | हिन्दी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 38100 | मान्यता प्राप्त वि.वि. से संबंधित विषय में न्युनतम 50% अकों के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि एवं बी.एड. प्रशिक्षित |
| | | संस्कृत | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | |
| | | अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | |
| | | गणित (अंग्रेजी माध्यम) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | |
| | | सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | |
| | | जीवविज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | |
| | | भौतिक (अंग्रेजी माध्यम) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | |
| | | रसायन (अंग्रेजी माध्यम) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | |
| | | वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | | |
| 2 | शिक्षक | अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 35400 | मान्यता प्राप्त वि.वि. से संबंधित संकाय में न्यूनतम 50% अंको के साथ स्नातक की उपाधि एवं बी.एड./डी.एड./डी.एल.एड. तथा शिक्षक पात्रता पूर्व माध्यमिक स्तर (**T.E.T.**) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| | | गणित (अंग्रेजी माध्यम) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | |
| | | विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | |
| | | सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | |
| 3 | सहायक शिक्षक | अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 25300 | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/मण्डल से न्यूनतम 50% अंको के साथ संबंधित संकाय में हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण एवं बी.एड़/डी.एड./डी.एल.एड. प्रशिक्षित तथा शिक्षक पात्रता प्राथमिक स्तर (**T.E.T.**) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| | | कला समूह (अंग्रेजी माध्यम) | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | | |
| | | गणित (अंग्रेजी माध्यम) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | |
| | | विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | |
| 4 | व्यायाम शिक्षक | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 35400 | मान्यता प्राप्त वि.वि. से संबंधित संकाय में न्यूनतम 50% अंको के साथ स्नातक की उपाधि एवं बी.पी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | कम्प्यूटर शिक्षक | अंग्रेजी माध्यम से | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | **35400** | मान्यता प्राप्त वि.वि. से न्यूनतम 50% अंको के साथ कम्प्यूटर में स्नातक, बी.ई./बी.टेक (आई.टी/कम्प्यूटर साइंस), बी.सी.ए., बी.एस.सी. (आई.टी/कम्प्यूटर साइंस), होना अनिवार्य है। |
| 6 | सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयो. शाला. | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | **25300** | मान्यता प्राप्त मण्डल/बोर्ड से विज्ञान संकाय में न्यूनतम 50% अंको के साथ हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण होना अनिवार्य |
| 7 | ग्रंथपाल | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | **22400** | मान्यता प्राप्त वि.वि. से संबंधित संकाय में न्यूनतम 50% अंको के साथ स्नातक की उपाधि एवं पुस्तकालय विज्ञान में डिग्री/डिप्लोमा उत्तीर्ण हो। |

**चयन प्रकिया के संबंध में दिशा निर्देश :–**

01. संविदा नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई है। शासन/समिति के द्वारा नियुक्ति अथवा कार्य व्यवहार के आधार पर किसी भी समय सेवा से पृथक किया जा सकेगा।
02. विज्ञापित पदों की संख्या में कमी/वृध्दि किया जाना समिति पर निर्भर है।
03. संविदा मानदेय– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त देय होंगे, अन्य कोई भत्ते देय नहीं होंगे।
04. आवेदक की उम्र 01.09.2023 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु शासन के नियमानुसार होगी। उम्र की पुष्टि हेतु 10वीं की अंकसूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। शासन के नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी।
05. आवेदको द्वारा निर्धारित प्रपत्र मे ही आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज स्वप्रमाणित कर संलग्न करना होगा।
06. **आवेदकों के द्वारा कक्षा दसवीं से सम्पूर्ण अध्ययन मान्यता प्राप्त बोर्ड/वि.वि. से अंग्रेजी माध्यम में होना अनिवार्य है।**
07. उत्कृष्ट विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) के संचालन के लिए कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में गठित पंजीकृत सोसायटी द्वारा मेरिट के आधार पर चयन प्रकिया की जायेगी। मेरिट में साक्षात्कार का अंक सेजेस संचालन समिति के द्वारा निर्धारित किया जावेगा।
08. राज्य शासन द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय हेतु समय–समय पर जारी निर्देशों के अधीन पंजीकृत सोसायटी विद्यालय के संचालन व शर्तो से संबंधित नियम/निर्देश जारी करेगी जो सर्वमान्य व सभी के लिए बाध्यकारी होगा।
09. **उपरोक्त सभी नियुक्ति एवं चयन प्रक्रियायें माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के SLP (C) No. 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होंगी।** इस संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय के अंतरिम आदेश दिनांक 01.05.2023 का पैरा – 4, 5 एवं 6 निम्नानुसार है :–

    **4.** We, therefore, permit the State to go ahead with the selection process and make appointments and promotions.

    **5.** However, it is made clear that the same shall be subject to all result of the petition.

    **6.** All appointments and promotion orders shall specifically mentions that such appointments and promotions are subject to the final outcome of the present proceedings.
10. आरक्षण रोस्टर का पालन किया जावेगा।
11. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किए जायेंगे, अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से कोई सूचना नही दी जाएगी। समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होंगे,
12. उक्त पदों में नियुक्ति उपरांत संविदा पद से त्यागपत्र देने हेतु 01 माह पूर्व की सूचना या 01 माह का वेतन जमा करने के पश्चात् ही त्यागपत्र स्वीकार की जावेगी।
13. विज्ञापित पदों के संबंध में सम्पूर्ण कार्यवाही एवं उससे जुड़ी सारी जानकारी जिला बलौदाबाजार की वेबसाईट https://balodabazar.gov.in/ के माध्यम से दी जायेगी।
14. **लिफाफे पर आवेदित पद का नाम, तथा विषय लिखना अनिवार्य होगा।**
15. छत्तीसगढ़ का निवासी होना अनिवार्य हैं, सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
16. जीवित रोजगार पंजीयन होगा अनिवार्य हैं। (प्रमाण पत्र संलग्न करे)
17. विभिन्न पदों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता (10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर) को आधार मानते हुए समिति द्वारा लिए गये निर्णय अनुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

**18.** **व्याख्याता (हिन्दी एवं संस्कृत) में आवेदक संबंधित विषय से स्नातक (हिन्दी साहित्य/संस्कृत साहित्य) भी होना अनिवार्य है।**

19. किसी भी विवाद की स्थिति में समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**कलेक्टर, सह अध्यक्ष**
**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय**
**(अंग्रेजी माध्यम) संचालन समिति**
**बलौदाबाजार–भाटापारा**

पृ. कमांक/अंग्रेजी माध्यम/संविदा भर्ती/विज्ञापन/2023/6429 बलौदाबाजार दिनांक 03.10.2023

प्रतिलिपि :–

1. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बलौदाबाजार–भाटापारा को सूचनार्थ
3. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संभाग रायपुर को सूचनार्थ।
4. जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र अधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र बलौदाबाजार को सूचनार्थ, कृपया जिले के वेबसाईट में उक्त विज्ञापन को अपलोड करने का कष्ट करेंगे।
5. जिला जनसम्पर्क अधिकारी, बलौदाबाजार –भाटापारा को सूचनार्थ कृपया स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन करने का कष्ट करेंगे।
6. समस्त सदस्य, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन समिति जिला बलौदाबाजार–भाटापारा को सूचनार्थ।

**कलेक्टर, सह अध्यक्ष**
**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय**
**(अंग्रेजी माध्यम) संचालन समिति**
**बलौदाबाजार–भाटापारा**